जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

27 जून 2023

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया में राजभाषा हिंदी कार्यशाला का आयोजन

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के राजभाषा हिंदी प्रकोष्ठ ने आज 27 जून, 2023 को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया| कार्यशाला का विषय 'राजभाषा हिंदी में काम करने के सरल उपाय, था| कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जामिया के कर्मचारियों को राजभाषा हिंदी में काम करने का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था ताकि कार्यालय में विभिन्न कार्य सहज तरीके से हिंदी में किए जा सकें और राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन को गति और सही दिशा प्राप्त हो सके।

कार्यशाला का आयोजन जामिया के मीर अनीस हॉल में जामिया की कुलपति प्रो. नजमा अख्तर (पद्मश्री) के संरक्षण तथा कार्यवाहक कुलसचिव सी.ए. शेख सफ़ीउल्लाह के मार्गदर्शन में किया गया। इस एक दिवसीय कार्यशाला में जामिया के हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. चन्द्र देव सिंह यादव विषय विशेषज्ञ थे तथा जामिया के जवाहरलाल नेहरु अध्ययन केंद्र की मानद निदेशक प्रो. इंदु वीरेंद्रा भी उपस्थित रहीं।

विषय विशेषज्ञ प्रो. चन्द्र देव सिंह यादव ने राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के राजभाषा संबंधी वार्षिक कार्यक्रम की चर्चा करते हुए विषय से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रतिभागियों को विषय से संबंधित बारीकियों और उनके अनुप्रयोगों से अवगत कराया गया, जिसमें प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी रही| कार्यशाला के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों के प्रश्नों के माध्यम से उनकी रुचि स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

कार्यशाला में बड़ी संख्या में जामिया के कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रो. इंदु वीरेंद्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया